प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 10.11.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड स्थापना दिवस समारोह के तहत कल राजधानी रांची सहित राज्यभर में "रन फॉर झारखंड" कार्यक्रम होगा आयोजित, रांची में कई मार्गों पर यातायात रहेगा प्रतिबंधित।
2. घाटशिला उपचुनाव के लिए मतदान की सभी तैयारियां पूरी, जिला प्रशासन सतर्क, मतदान कर्मी ईवीएम के साथ रवाना।
3. बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा कड़ी, वाहनों की जांच हुई तेज, शराब बिक्री पर रोक।
4. राजधानी रांची समेत झारखंड में ठंड का बढ़ा असर, मौसम विभाग ने सुबह के वक्त कोहरे की जताई संभावना।
5. देवघर में आयोजित दो दिवसीय 12वीं राज्य स्तरीय रोड साइक्लिंग चैंपियनशिप संपन्न, रांची टीम ने सभी वर्गों में विजेता बनकर किया शानदार प्रदर्शन।

****

झारखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह के तहत कल राजधानी रांची सहित राज्यभर में "रन फॉर झारखंड" कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। रांची में यह कार्यक्रम मोराबादी स्टेडियम से सैनिक मार्केट तक सुबह साढ़े छह बजे शुरू होगा। इसके कारण मोराबादी स्टेडियम, रेडियम चौक, शहीद चौक, फिरायालाल चौक, सरजना चौक, काली मंदिर, उल हाउस, रतन पीपी और सुजाता चौक सहित कई मार्गों पर सुबह साढ़े चार बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक मालवाहक वाहनों, ऑटो/टोटो और चारपहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। पुलिस और ट्रैफिक विभाग ने लोगों से इन मार्गों से बचने और वैकल्पिक रास्तों का उपयोग करने की अपील की है।

****

खूंटी के 403 गांवों में आदि कर्मयोगी योजना लागू की गई है, जिसमें विकास कार्यों का आकलन कर राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा जाता है और आवश्यक सुविधाएं गांवों में बहाल की जाती हैं। आईटीडीए खूंटी के निदेशक आलोक शिकारी कच्छप ने बताया कि प्रधानमंत्री की पहल से जिले के सभी गांवों में इस अभियान की प्रभावी झलक आने वाले वर्षों में देखने को मिलेगी।

****

घाटशिला विधानसभा में कल सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होने वाले मतदान के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं। प्रशासन ने आज और कल के लिए शहर में भारी वाहनों के प्रवेश और निकास पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया है। मतदान दल आज कोऑपरेटिव कॉलेज से ईवीएम के साथ रवाना हो गया, जबकि कल मतदान के बाद पोलिंग पार्टियां ईवीएम को लेकर वापस कॉलेज लौटेंगी और स्ट्रांग रूम में जमा करेंगी। मतों की गिनती 14 नवंबर को होगी।

****

बिहार में कल होने वाले दूसरे चरण के चुनाव को लेकर हजारीबाग जिला प्रशासन ने अलर्ट जारी कर दिया है और सुरक्षा के मद्देनजर शराब की दुकानों को बंद कर दिया है। इसके साथ ही सीमावर्ती क्षेत्रों में हर वाहन की सघन जांच की जा रही है और अपराधियों को चुनाव में खलल डालने से रोकने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। एसडीपीओ अमित आनंद ने बताया कि जिला प्रशासन गया जी प्रशासन के साथ समन्वय में चुनाव को शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाने के लिए हर कदम उठा रहा है।

****

इधर चतरा जिले में भी बिहार के गया जी जिले में कल होने वाले विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान को लेकर शराब की बिक्री पर अस्थाई रोक लगा दी गई है। जिले की 74 देशी और विदेशी शराब दुकानें कल शाम 6 बजे तक पूरी तरह बंद रहेंगी।

****

देश अपने राष्ट्रीय गीत, वंदे मातरम की एक सौ पचासवीं वर्षगांठ मना रहा है। आज हम बता रहे हैं कि वंदे मातरम की भावना ने भारत की सीमाओं से परे जाकर विश्व भर के क्रांतिकारियों को स्वतंत्रता संग्राम के लिए कैसे प्रेरित किया।

****

देवघर चरकीपहाड़ी स्थित नवनिर्मित समाहरणालय भवन का काम लगभग पूरा हो गया है। उपायुक्त नमन प्रियेष लकड़ा ने बताया कि नए समाहरणालय में एक ही कैंपस में कई कार्यालय संचालित होंगे।

****

घरेलू शेयर बाजार सूचकांक——सेंसेक्स और निफ्टी आज शून्य दशमलव छह प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। सेंसेक्स चार सौ 73 अंक बढ़कर 83 हजार 689 पर और निफ्टी 147 अंक बढ़कर 25 हजार 639 पर कारोबार कर रहे हैं।

****

रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 13 हजार 2 सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 59 हजार रुपये प्रति किलो है।

****

राजधानी रांची समेत पूरे झारखंड में पिछले एक सप्ताह से ठंड का असर बढ़ता जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार 14 नवंबर तक सुबह कोहरा या धुंध और दिन में साफ मौसम बना रहेगा। अगले दो दिनों तक न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री की गिरावट होगी, जिससे ठंड का प्रभाव और बढ़ जाएगा।

****

देवघर जिले में आयोजित दो दिवसीय 12वीं झारखंड राज्य स्तरीय रोड साइक्लिंग चैंपियनशिप संपन्न हुई, जिसमें 20 जिलों के 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस चैंपियनशिप में रांची ने सभी वर्गों – यूथ, सब–जूनियर, जूनियर और सीनियर – में विजेता के रूप में शानदार प्रदर्शन किया। कुमैठा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त नमन प्रियेष लकड़ा ने खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएँ दीं और जीवन में सफलता पाने में खेल की भूमिका पर भी जोर दिया।

****